15. Annual Prize Distribution Function Organized:

Answer: Yes

The Annual Function of RVS Government Degree College, Seema for the session 2023-24 was held on 30th November, 2024 and for the session 2024-25 was organized on 23rd March,2025.. The event served as a platform to celebrate the achievements of students in academics, sports, and cultural fields over the past year.

Annual Prize Distribution Function 2024-25

पीजी कॉलेज में 530 मेधावी किए सम्मानित

वार्षिक समारोह में पेश किए सांस्कृतिक कार्यक्रम

रोहड़ू। राजा वीरभद्र सिंह राजकीय महाविद्यालय सीमा में रविवार को वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह मनाया गया। समारोह में विधायक मोहन लाल ब्राक्टा बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित हुए।

इस मौके पर विभिन्न गतिविधियों में अव्वल रहे 530 मेधावियों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि ने दीप प्रज्वलित कर किया। उसके बाद छात्राओं ने सरस्वती वंदना प्रस्तुति की और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

कॉलेज की प्राचार्य डॉ. ललिता रावत ने वार्षिक रिपोर्ट पेश की। इस मौके पर कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। समारोह के अंत में विभिन्न गतिविधियों में अव्वल रहे छात्रों को पुरस्कृत किया गया।

शिक्षा के क्षेत्र में सलोनी सिंह, सेजल, नेत्रा, करीना खेपान, सुनील, महक, तमन्ना, शिवानी, कृतिका, अदिति, अभिलाषा, नीतिका, निखिल, अनुष्का, मुस्कान मेहता, काजल, अर्चना, साक्षी मांटा, रविना शर्मा, मनीषा, हिमांशी, निशा, काजल खेपान, लक्की ननदा, नेहा, आदित्य शर्मा, खुशी चौहान, रीतेंद्र, सपना देवी, मोहिनी शर्मा, सविता, अंशुल, दिव्यांशी, आकृति शर्मा, कृति, प्राची, आदित्य, ज्योति, संगीता, कशिश, सोनिया ,अंकुश, अंकिता, नीतिश, कृति धांटा, साहिल और ममता को पुरस्कृत किया गया। संवाद

चित्रकला में ख्वाहिश, नारा लेखन में जाह्नवी प्रथम

रोहड़ू। राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल जुब्बल में विश्व जल दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल के प्रधानाचार्य नरेंद्र चौहान ने की।

कार्यक्रम में अंतर सदन प्रश्नोत्तरी, चित्रकला, नारा लेखन, भाषण और लघु नाटिका प्रतियोगिताएं करवाई गईं। प्रधानाचार्य नरेंद्र चौहान ने जल का महत्व बताया और जल संरक्षण के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि धरती पर 71 प्रतिशत पानी है। इसमें से केवल तीन प्रतिशत पानी ही पीने योग्य है। अंतर सदन चित्रकला प्रतियोगिता के वरिष्ठ वर्ग में सरोजनी सदन से ख्वाहिश विजेता रहीं। कनिष्ठ वर्ग में इंदिरा सदन से मन्नत प्रथम रहीं। नारा लेखन प्रतियोगिता के वरिष्ठ वर्ग में इंदिरा सदन से जाह्नवी ने पहला स्थान हासिल किया।

कनिष्ठ वर्ग में सरोजनी सदन से दिव्यांशी विजेता बनीं। भाषण प्रतियोगिता में लक्ष्मी सदन से स्मृति विजयी रही। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगता में लक्ष्मी सदन से तानवी, कृतिका ने प्रथम स्थान हासिल किया। इस अवसर पर रमा चंदेल, मोक्टा, शांति मोक्टा, अलका ठाकुर व अन्य मौजूद रहे। संवाद

amarujala.com/himachal-pradesh/rampur-bushahar/annual-function-celebrated-with-great-pomp-in-government-college-seema-rampur-hp-news...

Bookmarks | New Tab | 13 Useful Websites f... | HPU | https://kryptosdakr... | Life Insurance Corp... | 2011 June UGC NET... | How to Write a Res... | All Bookmarks

Rampur Bushahar News: पीजी कॉलेज सीमा में 530 मेधावी किए सम्मानित

शिमला ब्यूरो
Updated Sun, 23 Mar 2025 11:41 PM IST

Activate Windows
Go to Settings to activate Windows.

Type here to search | 16°C Partly cloudy | ENG | 21:38 | 11-04-2025

Annual Prize Distribution Function 2023-24

Information And Public Relations Department, Himachal Pradesh

November 30, 2024 ·